# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 4181 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 19/8/2021

## –::अधिसूचना::–

सत्र 2020–21 हेतु अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की पी.जी. सेमेस्टर / विधि / यूटीडी के निम्नांकित सेमेस्टर के नियमित एवं एटीकेटी छात्र–छात्राओं का परीक्षा फार्म, निम्नानुसार आनलाईन भराया जाना है:–

01. विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (सेमेस्टर–II,IV,VI नियमित / एटीकेटी)
02. विधि संकाय (सेमेस्टर–II,IV,VI,VIII, X नियमित / एटीकेटी)
03. पी.जी. सेमेस्टर (सेमेस्टर–II & IV नियमित / एटीकेटी)
04. किरोड़ीमल शास. महाविद्यालय रायगढ़ छ.ग. (स्नातक सेमेस्टर–II एटीकेटी, IV & VI नियमित / एटीकेटी, सेमेस्टर–V केवल एक विषय के एटीकेटी विद्यार्थी हेतु, स्नातकोत्तर सेमेस्टर–II & IV नियमित पुराना पाठ्यक्रम, सेमेस्टर–III एटीकेटी)

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | **विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग हेतु** – आनलाईन **परीक्षा** आवेदन की निर्धारित शुल्क के साथ प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | 17 / 08 / 2021 से 26 / 08 / 2021 तक |
| 02 | **विधि संकाय / पी.जी. सेमेस्टर / के.जी. महाविद्यालय हेतु** – आनलाईन **परीक्षा** आवेदन की निर्धारित शुल्क के साथ प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | 18 / 08 / 2021 से 26 / 08 / 2021 तक |
| 03 | छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय / शिक्षण विभाग में जमा करने की तिथि | 28 / 08 / 2021 तक |
| 04 | महाविद्यालयों / शिक्षण विभाग हेतु निर्देश छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **परीक्षा** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2020-21) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में परीक्षा आवेदनों की आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों (पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची की छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें) की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | 06 / 09 / 2021 से 10 / 09 / 2021 तक |

महाविद्यालयों हेतु अति–आवश्यक निर्देशः–

01. छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन जमा कराते समय परीक्षा हेतु कोरी उत्तर पुस्तिका प्रदान किया जाना है। इस हेतु महाविद्यालय एक पंजी संधारित करेंगे, जिसमें कोरी उत्तर पुस्तिका का क्रमांक, छात्र–छात्रा का नाम, हस्ताक्षर एवं मोबाईल नं. अनिवार्यतः दर्ज करेंगे, जिसे परीक्षा उपरांत लिखित उत्तर पुस्तिका जमा कराते समय उसी संधारित पंजी से लिखित उत्तर पुस्तिका का क्रमांक मिलान कर ही उत्तर पुस्तिका जमा लेंगे। छात्र–छात्राओं द्वारा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त लिखित उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय द्वारा जमा / स्वीकार नहीं किया जावे।

02. दिव्यांग छात्र–छात्राओं का परीक्षा फार्म महाविद्यालय स्तर पर ही भराने की विशेष रूप से व्यवस्था करें ताकि दिव्यांग छात्र–छात्रों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

ाप:–

(i) छात्र–छात्राओं को आवश्यक रूप से सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें एवं महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन जमा करते समय परीक्षा हेतु कोरी उत्तर पुस्तिका प्राप्त करना भी सुनिश्चित करें। सितम्बर–2021 के प्रथम सप्ताह से परीक्षा प्रारंभ होना प्रस्तावित है अतः उक्त तिथि में वृद्धि किया जाना संभव नहीं है।

(ii) दिव्यांग छात्रों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी, इस हेतु पोर्टल में दिये गये दिव्यांग (Handicapped) आप्शन पर हां(Yes) क्लिक कर दिव्यांग संबंधित दस्तावेज अपलोड करें तत्पश्चात् विश्वविद्यालय से दिव्यांगता की आनलाईन पुष्टि/सत्यापन पश्चात् शुल्क शुन्य (0) दर्शित होगा, जिसकी सूचना रजिस्टर्ड मोबाईल में प्राप्त होगी।

(iii) परीक्षार्थियों को आनलाईन **परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, संबंधित महाविद्यालय/शिक्षण विभाग में निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य होगा।

(iv) आनलाईन/वेबसाईट से प्रिंट की हुई उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर यदि छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन/वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका प्रिंट कर निकाली जाती है एवं इसमें उत्तर लिखकर इन्हें महाविद्यालय में जमा किया जाता है तो लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करने के साथ–साथ परिस्थिति/कारण स्पष्ट करते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य को संबोधित पत्र प्रेषित करेंगे, (किस कारण महाविद्यालय से उत्तर पुस्तिका प्राप्त नहीं की जा सकी) महाविद्यालय द्वारा कारण की समीक्षा की जावेगी, कारण उचित पाये जाने पर ही उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराया जायेगा।

(v) कोविड–19 की वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये कोविड–19 के एस.ओ.पी. का पालन करते हुये परीक्षार्थियों को अपने महाविद्याल से ही कोरी उत्तर पुस्तिका प्राप्त करना अनिवार्य है।

(vi) विशेष परिस्थिति में अथवा राज्य से बाहर होने पर यदि किसी छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन/वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका प्रिंट कर लिखित उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय में जमा किया जाता है अथवा डॉक के प्रेषित किया जाता है तो ऐसे छात्र–छात्राओं की उत्तर पुस्तिका एवं डाक व्यय हेतु शुल्क में रियायत (छूट) का दावा मान्य नहीं किया जायेगा।

(vii) महाविद्यालयीन परीक्षाओं का आयोजन आनलाईन/ब्लैंडेड मोड में होगा तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की परीक्षायें आनलाईन गूगल क्लासरूम के माध्यम से ली जायेगी।

(viii) किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। समस्या/कठिनाई का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से निम्न नम्बरो पर संकाय प्रभारियों से व्हाट्सअप पर संपर्क कर समस्या का समाधान कराया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| *MUKESH GUPTA* | *LAW/UTD* | *7000525179* |
| *SANGEETA DUBEY* | *P.G. SEMESTER* | *7999115455* |
| *परीक्षा प्रभारी श्री प्रदीप सिंह (विशेष परिस्थिति में)* | *ALL* | *9425535618* |

आदेशानुसार

18/8/21

परीक्षा नियंत्रक

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

बिलासपुर।

पृ. क्रमांक /9182/ परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 19/8/2021

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय एवं विभागाध्यक्ष, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ । कृपया छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करें।
05. संपादक / संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

18/8/2021

परीक्षा प्रभारी